www.samagya.in

समाज्ञा

समाज्ञा — पश्चिम बंगाल — 4

कोलकाता, 18 अगस्त, गुरुवार, 2022

बुधिया को आर्किटेक्ट ऑफ चेंज पुरस्कार

कोलकाता, समाज्ञा : पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया की ओर से पूर्वी भारत के सबसे बड़े ब्रांड सम्मेलन ब्रांडएज 2022 का आयोजन किया गया। ब्रांडिंग के भविष्य, रचनात्मक कम्यूनिकेशन तथा अन्य विषयों पर चर्चा सत्र के अलावा एक समापन सत्र आयोजित किया गया जहां केयरिंग माइंड्स, आइकैनफ्लाई और कैफे आईकैनफ्लाई की संस्थापक-निदेशक साइकोथेरपिस्ट मीनू बुधिया को आर्किटेक्ट ऑफ चेंज के तौर पर सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उनके बेहतर भविष्य के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान के लिए दिया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मेलिंडा पावेक (कौंसल जनरल, यूएस कौंसुलेट जनरल, कोलकाता) और डॉ. धृति बनर्जी (निदेशक, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण) उपस्थित थे। अवार्ड स्वीकार करते हुए मीनू बुधिया ने कहा कि परिवर्तन की वास्तुकार के तौर पर पुरस्कृत किये जाने पर मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं। पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया को इस मान्यता के लिए धन्यवाद। मेरा सबसे बड़ा धन्यवाद मेरी छोटी बेटी प्राची के लिए है, जो विशेष आवश्यकता वाली बच्ची है।